Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:15 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:16 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



आगामी फिल्म में दिखेगा सनी...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 17 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 30 जून 2024

## मौसम: उत्तराखंड के छह जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

मानसून की दस्तक के साथ ही प्रदेशभर में बारिश शुरू हो गई है। एक जुलाई तक प्रदेशभर के सभी जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं।

भले ही इस बार मैदानी इलाकों में मानसून की बारिश का आंकड़ा सामान्य है, लेकिन आने वाले दिनों में मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के छह जिलों में आज भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पिथौरागढ़, टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर और चंपावत में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। इसके अलावा देहरादून, नैनीताल, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं।



### हरिद्वार गंगा में बही छह कारें

हरिद्वार में शनिवार को करीब डेढ़ घंटे की बारिश से शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। खड़खड़ी सूखी नदी रपटे पर पार्क की गई छह लग्जरी कारें पानी के तेज बहाव में बहकर गंगा में पहुंच गईं। हरकी पैड़ी के सामने से बहते हुए आगे निकल गईं।

### यूपी में बिजली गिरने से चार की मौत

पहाड़ी राज्यों में जहां बारिश के चलते भूस्खलन से सड़कें बंद हैं, वहीं मैदानी राज्यों में सड़कों पर पानी भर गया है। गोरखपुर-बस्ती मंडल में शनिवार को बिजली गिरने से अलग-अलग जिलों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। कुशीनगर में एक किशोर, एक महिला, देवरिया में एक युवक, सिद्धार्थनगर में एक किसान की मौत हुई है।



### दुनियाभर से खिलाड़ियों को मिल रहे बधाई संदेश

टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत के बाद दुनियाभर से खिलाड़ियों को बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी थी। अब उन्होंने आज भारतीय क्रिकेट टीम से फोन पर बात की और पूरी टीम को फोन पर बधाई दी। उन्होंने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल में भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी सराहना की। पीएम मोदी ने हार्दिक पांड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा।

**चार महीने बाद पीएम मोदी की मन की बात**

## संविधान व देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अटूट विश्वास दोहराया

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के 111वें संस्करण में कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात रविवार (30 जून) यानी आज फिर से शुरू हो गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। मन की बात के 111वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वो दिन आ ही गया जिसका हम सभी फ़रवरी से इंतजार कर रहे थे। मैं मन की बात के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवारजनों के बीच आया हूं। एक बड़ी प्यारी सी उक्ति है- इति विदा पुनर्मिलनाय इसका अर्थ भी उतना ही प्यारा है, मैं विदा लेता हूं, फिर मिलने के लिए 7 इसी भाव से मैंने फरवरी में आपसे कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद फिर मिलूंगा और आज, मन की बात के साथ, मैं, आपके बीच फिर हाजिर हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात रेडियो प्रोग्राम भले ही कुछ महीने बंद रहा हो, लेकिन मन की बात का जो आत्मा है देश में, समाज में, हर दिन अच्छे काम, निस्वार्थ भावना से किए गए काम, समाज पर सकारात्मक असर डालने वाले काम निरंतर चलते रहे चुनाव की खबरों के बीच निश्चित रूप से मन को छू जाने वाली ऐसी खबरों पर आपका ध्यान गया होगा।

उन्होंने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं।



....संबंधित खबर पेज 4 पर

**मन की बात** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक से लेकर योग दिवस तक बात की।

## घटना: चोराबाड़ी क्षेत्र में टूटा ग्लेशियर, खाई में समाया बर्फ का गुबार

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

बीती आठ जून को भी यहां ग्लेशियर टूटने की घटना हुई थी। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच बार हिमस्खलन हुआ था।

चोराबाड़ी से ऊपर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में रविवार को ग्लेशियर टूट गया। इस दौरान बर्फ का गुबार उठा और कुछ देर बाद गहरी खाई में समा गया। मंदिर क्षेत्र में मौजूद कई यात्रियों ने इस प्राकृतिक दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गांधी सरोवर के ऊपर सुबह करीब पांच बजे एवलांच आया। हालांकि किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि यहां बीती आठ जून को भी ग्लेशियर टूटने की घटना हुई थी। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच बार हिमस्खलन हुआ था। इससे पूर्व वर्ष 2022 में भी सितंबर व अक्तूबर में क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ था।



### News कॉर्नर

### अवैध फड़ लगाने वालों से 25 हजार की वसूली

**नैनीताल** । नगर के पंत पार्क से लेकर मॉल रोड तक अवैध फड़ लगाने वालों के खिलाफ पालिका प्रशासन ने सख्ती की है,पालिका ने मामले में अवैध फड़ लगाने वालों से 25 हजार की धनराशि चालन के रुप में वसूली।

टीम प्रभारी कमल कटियार ने कहा कि चैकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। कहा कि नगर में अवैध फड़ लगाए हुए पाने जाने वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान रवि कुमार, रवि बहुगुणा, विक्की सिलेलान, दिनेश रत्नागर, राजकुमार समेत पीआडी के जवान मौजूद रहे।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नए सेना प्रमुख का पदभार संभाला

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वर्तमान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे आज ही सेवानिवृत्त हुए हैं। चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर व्यापक ऑपरेशनल अनुभव रखने वाले जनरल द्विवेदी इससे पहले सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।



## सड़क के निर्माण को लेकर कालोनी वासियों का धरना प्रदर्शन

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर कई कालोनियों के लोगों ने सड़क पर बैठ प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान लोगों ने जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया।

रविवार को दक्ष चौक से बगवाड़ा तक जोड़ने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर कालोनियों के लोगों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान लोगों का कहना था कि इस सड़क पर कई कालोनी स्थित है। सड़क की निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही है। कोई भी सुनने को तैयार नहीं।

लोगों ने क्षेत्र के प्रतिनिधियों पर भी उपेक्षा का आरोप लगाया। लोगों का कहना था कि सड़क का इतना बुरा हाल है। सड़क पर आए दिन दुर्घटनाए हो रही है। हल्की सी बरसात में सड़क पर जल भराव हो जाता है। इस दौरान प्रबल समिति के अध्यक्ष सतीश वर्मा ने कहा कि इस सड़क से भारी वाहनों का आवागमन होता है। इससे सड़क हादसों का खतरा रहता है। उन्होंने भारी वाहनों का प्रतिबंधित किया जाए। इस मौके पर अभिषेक यादव, दीपक गहतोड़ी, दीपक जोशी,योगेश जोशी आदि मौजूद रहे। बता दें कि कालोनी के लोग हर रविवार को सड़क निर्माण को लेकर धरना दे रहे हैं।






**आरोप**

- धरने पर बैठे लोगों में रोष, जनप्रतिनिधियों पर भी उपेक्षा का लगाया आरोप,भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा

# बैठक में महकमों के अधिकारियों को दिशा निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उच्च शिक्षा, शिक्षा व स्वास्थ्य व सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत का शनिवार की शाम को नैनीताल क्लब में पहुंचने पर भाजपाईयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य व सहकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। संबंधित महकमों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक सरिता आर्य ने बेतालघाट अस्पताल में रिक्त पदों को भरे जाने व बीते दिनों बेतालघाट क्षेत्र के एक स्कूल में आग लगने के दौरान जलकर खाक हो चुके भवन व फ नींचर की मांग को लेकर मंत्री डा.रावत को ज्ञापन सौपा। बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता में डा. धन सिंह रावत ने कहा कि नैनीताल जिले के सभी अस्पतालों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा जिससे वह अपने फ ोन के माध्यम से किसी भी दिन इसका निरीक्षण कर सकते हैं। कहा कि सभी अस्पतालों के डॉक्टरों की रहने की व्यवस्था अस्पताल परिसर में होनी चाहिए जिससे आपातकाल की स्थिति में भी वह मरीजों को हर संभव उपचार दे सकें।

डा.रावत ने कहा कि जिले को 54 करोड जारी किए गए हैं जिससे जर्जर पड़े डॉक्टर आवासों को पुनर्निर्माण किया जा रहा है। डा.रावत ने बैठक में सीएमओ डा.श्वेता भंडारी को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और हर दिन बेडसीट बदली जाए तथा हर अस्पताल के बाहर होर्डिंग में अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की पूरी जानकारी अंकित हो जिससे मरीजों को सुविधाओं की जानकारी मिल सकेगी इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट,महामंत्री मोहित लाल साह,विमल बिष्ट,विक्रम रावत सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## डॉक्टरों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा रहा है

स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा रहा है। कहा कि अक्सर तबादले व अवकाश के लिए कर्मचारियों द्वारा फर्जी मेडिकल प्रस्तुत किये जाते हैं जिसके लिए अब विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा जिससे फर्जीवाडे पर रोक लगेगी साथ ही गंभीर रोगों से ग्रसित कर्मचारियों को वीआरएस दे दिया जाएगा क्योंकि ऐसे कर्मचारी अपने कार्य का निर्वह करने में सक्षम नहीं होते है। सहकारिता विभाग को डिफॉल्टर लोगो को नोटिस जारी कर उनकी जानकारी अखबारों में प्रकाशित करने के निर्देश दिए।

## स्याल्दे के 12 से अधिक गांवों में एक हफ्ते से नहीं आया पानी

**अल्मोड़ा।** स्याल्दे विकासखंड के 12 से अधिक गांवों की प्यास बुझाने वाली तिमली-चचरोटी पेयजल योजना के पाइप फटने से पिछले एक सप्ताह से इलाके में पानी नहीं आया है। इन गांवों की 5000 की आबादी बारिश के बाद भी पानी के लिए तरस गई है। स्याल्दे के खटलगांव, जसपुर, भाकूड़ा, पैठाना, तिमली, चचरोटी सहित 12 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को जलापूर्ति करने के लिए 45 साल पहले विनोद नदी से तिमली-चटरोटी पेयजल योजना का निर्माण किया गया। एक सप्ताह पूर्व पुरानी हो चुकी योजना के पाइप फटने से जलापूर्ति ठप हो गई, इसे अब तक ठीक नहीं किया जा सका। आपातकाल में ग्रामीणों की जरूरत को पूरा करने के लिए तिमली, चंपानगर में हैंडपंप स्थापित किए गए हैं जो लंबे समय से खराब हैं। इस कारण लोगों को वाहन बुक कर पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी क्षेत्र में टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं। बताया कि सिर्फ एक दिन टैंकर भेजकर औपचारिकता निभा दी गई।



# ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन अंतिम पड़ाव पर, उमड़े पर्यटक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन अंतिम पड़ाव पर जा पहुंचा है। शुक्रवार दोपहर बाद सैलानियों की आमद में वृद्धि हुई। उम्मीद है कि अगले दो दिन बाद सैलानियों की भीड़ छट जाएगी।

नगर में आज सुबह के समय कम संख्या मे नजर आए, लेकिन दोपहर में सैलानियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई, जो देर रात तक जारी रही। इस बीच नगर की सड़कों में जाम लगना शुरू हो गया और देर शाम तक यातायात में व्यवधान उत्पन्न होते रहा। इधर नगर की रंगत में निखार नजर आया। पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आवाजाही बनी रही। नैनीझील में नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा और पंत पार्क समेत भोटिया बाजार में सैलानियों की भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में काफी भीड़ रही।

शाम के समय सैलानी हनुमानगढ़ी में सूर्यास्त देखने पहुचे हुए थे। नगर के समीपवर्ती पर्यटन स्थल खुर्पाताल, सरिताताल , पंगोठ व कैंची धाम भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुचे हुए थे।

# बिजली कटौती से गुस्साये लोगों का आधी रात को मोमबत्ती जलाकर प्रदर्शन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उमस भरी गर्मी में विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। राजेन्द्र नगर राजपुरा समेत तमाम क्षेत्रों में घंटों बिजली कटौती लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। बीती रविवार की देर रात इससे भड़के राजपुरा के लोगों ने युवा नेता हेमंत साहू के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साये लोगों का कहना था कि ऊर्जा प्रदेश में 5 से 6 घंटे की बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बरसात है और सांपों का खतरा बना है। ऐसे में मलिन बस्ती क्षेत्रों में बिजली न होने से लोग भयभीत हैं। सामाजिक कार्यकत्री प्रीति आर्या ने कहा कि बिजली कटौती की वजह से इलाके के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। जल्द समाधान नहीं होने पर उग्र आन्दोलन किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में अनीता बाल्मीकि, सोनी जाटव, चंचला मिस्त्री, राजमाल बाल्मिकी, अंकित कुमार, नवल आर्या, मनीष साहू, दीपक प्रजापति, सुशील रॉय, ऐंजल, काजल आर्या, निखिल साहू आदि शामिल थे।



## NEWS / फटाफट

### समारोहः कई विभागों में सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

**नैनीताल।** नगर में शनिवार को कई विभागों के अधिकारी/ कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति हो गए। इस अवसर पर विभागों में विदाई समारोह आयोजित किए गए। वन विभाग में 40 वर्ष सेवा देने के बाद अधिवर्षता आयु पूरी करने के बाद मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से मुख्य वैयक्तिक अधिकारी के पद पर तैनात मोहन राम सेवानिवृत्त हुए वहीं जिला पंचायत नैनीताल के अपर मुख्य अधिकारी पान सिंह बिष्ट भी सेवानिवृत्त हुए वहीं नगर पालिका के लेखा विभाग से अवर अभियंता पद से डीएस मेहरा व अनुसेवक गोविंद राम भी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के दौरान सभी कार्यालयों में सेवानिवृित्त हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को विदाई दी गई।

### पर्यटक की कार केमू बस से टकराई, विवाद

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में दिल्ली के पर्यटक की नई कार भवाली रोड में केमू की बस में टकरा गई। क्षतिग्रस्त कार देख जब पर्यटक ने गाड़ी का काम कराने की बात कही तो बस चालक से विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह तल्लीताल बस स्टैंड के समीप भवाली रोड में दिल्ली के पर्यटक अपनी कार से नैनीताल की ओर आ रहे थे कि इसी दौरान भवाली को जा रही केमू बस व कार का पीछे का हिस्सा आपस में टकरा गया। इस दौरान बहस के चलते पर्यटकों व बस चालक के बीच विवाद हो गया। विवाद बढा तो बस चालक की साइड लेते हुए पर्यटक से भिड़ गए।

### दिक्कतः सड़क पर डामर उखड़ने से गड्ढे पड़े

**नैनीताल।** नगर की जू रोड में एक महीने पहले हुआ डामर उखड़ने लगा है। सड़क से डामर उखड़ने से गड्ढे उभरने लगे हैं जिससे बाइक सवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नैनीताल में बीते एक महीने पहले ही जू रोड में डामरीकरण का कार्य पूरा किया गया था जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा मिली थी लेकिन एक ही महीने में बरसात के चलते सड़क से डामर उखडने लगा है जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं सडक में गड्ढे पडने के चलते दोपहियां वाहनों के गिरने का भी खतरा बढ़ रहा है। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि जल्द ही सड़क में पडे गड्ढों में पैच लगाकर गड्ढे भर दिये जायेंगे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 82 ब्रिक्स देशों के खेल प्रतियोगिता में भारतीय महिला बॉक्सिंग के प्रत्यायोजन प्रमुख प्रवास पर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

बीते पखवाड़े 12-23जून 2024 को कजान (रूस) में 82 ब्रिक्स देशों के मध्य आयोजित अंतराष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता में भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम के अधिकारिक प्रत्यायोजन प्रमुख व नैनीताल निवासी अभिषेक साह इन दिनों नैनीताल प्रवास पर हैं।

बता दें कि प्रतियोगिता में भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम ने 10 पदक (2 स्वर्ण, 3 रजत तथा 5 कांस्य) जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया और नैनीताल नगर की स्वर्णिम पहचान भी बनाई। इस विशिष्ट उपलब्धि पर शनिवार को तल्लीताल व्यापार मण्डल द्वारा अभिषेक साह को आयोजित सभा में सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष व नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मारूति नंदन साह की अध्यक्षता में वरिष्ठ व्यापारी भारत लाल साह और सोहन लाल साह द्वारा अभिषेक साह को भेंट प्रस्तुत की गई। इस विशेष मौके पर व्यापार मण्डल के महामंत्री अमनदीप सिंह ने अभिषेक साह की उपलब्धि को युवकों के लिए प्रेरणादायक एवं नशे व अन्य बुराईयों से दूर रहकर सकारात्मकता का स्रोत बताया,इस दौरान तल्लीताल के व्यापारियों/ क्षेत्रवासियों ने अभिषेक साह को बधाई दी और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। सभा में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष नासिर खान व ममता जोशी, कोषाध्यक्ष हरीश लाल, उप सचिव जयंत उप्रेती समेत रामेश्वर साह, दिनेश कर्नाटक, भानु साह, कान्हा साह, मो0 सलीम,सचिन राणा,अतुल पाण्डेय,आयुष भंडारी, संजय महरा व अर्जुन साह तथा अनुराग बिष्ट आदि मौजूद थे।



# हल्दूचौड़ के सरकारी अस्पताल में सुविधायें मुहैया कराए सरकार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में बेहतर सुविधायें मुहैया कराने की मांग उठाई गई है। इस मामले में पूर्व में उच्च न्यायालय ने अस्पताल शुरू करने के आदेश जारी किये थे।

समाजसेवी हेमंत गोनिया व पूर्व प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में शासन ने पद स्वीकृत किये थे, इसके बावजूद पद नहीं भरे गये हैं। इसके कारण वहां जाने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी संचालित हो रहा है लेकिन मरीजों को पूरी तरह सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं। गौरतलब है कि पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्दूचौड़ बनने के डेढ़ वर्ष तक ताला लटका रहा। बाद में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उच्च न्यायालय नैनीताल में जनहित याचिका लगाई। इसका संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने बीती 14 जुलाई को तीन सप्ताह के भीतर अस्पताल का संचालन शुरू करने के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किये जाने के आदेश सरकार को दिये थे। इसके बाद प्रदेश सरकार ने आठ अगस्त को सीएचसी के लिए 24 पदों का सृजन कर उच्च न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। इस 30 बेड के अस्पताल के लिए प्रथम चरण में 27 कार्मिकों की आवश्यकता है। पदों के सृजन का प्रस्ताव पूर्व में मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल ने सरकार को भेजा लेकिन सरकार ने तीन पदों की कटौती कर केवल 24 पदों के सृजन के लिए राज्यपाल से स्वीकृति ले ली परंतु स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियुक्तियां नहीं हो पाई। वर्तमान में 24 पदों के सापेक्ष मात्र 15 कार्मिकों की तैनाती हुई है, अस्पताल में एक्सरे टैक्निशियन की नियुक्ति नहीं की गयी है। जबकि 08 पद आउटसोर्स से भरे जाने थे, इन पर भी नियुक्तियां नहीं हुई।

# अभिमत

## बिजली संकट गहराया

*सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन करने के लिए आंदोलन करने वालों का दावा था कि पर्वतीय राज्य को हर तरह से खुशहाल बनाया जायेगा। देश के बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का हिस्सा होने से विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर गंगा, यमुना, कोसी, सरयू आदि नदियों के जल का उपयोग करके पनबिजली से ऊर्जा प्रदेश बनाने की बात राज्य सरकारें करती रही हैं। जरूरत से अधिक बिजली को बेचकर राजस्व प्राप्ति की बात भी कही। सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं। सर्दियों में हिमपात और बारिश कम होने से नदियों का जलस्तर गिर गया है। पनबिजली परियोजनाओं में उत्पादन घटता जा रहा है। राज्य सरकार ने सेंट्रल पूल और खुले बाजार से बिजली लेकर आपूर्ति की कोशिश की है, लेकिन मांग लगातार बढ़ने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। मानसून आने पर नदियों का जल स्तर बढ़ेगा, परन्तु पनबिजली उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा, क्योंकि सिल्ट आने से हाइड्रो प्रोजेक्ट की टरबाइन नहीं चल पाती हैं। राज्य का गठन होने के ढाई दशक बाद भी पनबिजली के अलावा ऊर्जा के अन्य स्रोत नहीं तलाशे गये। जी-20 के तहत राज्य सरकार ने निवेशकों से समझौते किये हैं। उद्यम बढ़ने पर ऊर्जा की मांग स्वतः बढ़ेगी। केन्द्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र घरों में स्थापित करने के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। सम्पन्न वर्ग सोलर एनर्जी के लिए आगे आ रहा है। निम्न तबके के लोग सोलर एनर्जी से लाभान्वित हो पायेंगे, इसमें संदेह है। पर्वतीय क्षेत्र और उद्योगों को विद्युत के लिए राज्य सरकार को ही उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। बिजली संकट के कारण निवेशक उत्तराखंड से मुंह मोड़ सकते हैं। पृथक राज्य का गठन होने पर औद्योगिक आस्थानों में उद्यमियों ने फैक्ट्रियां इस उम्मीद से स्थापित की थीं कि ऊर्जा प्रदेश कहे जाने वाले उत्तराखंड में अनवरत बिजली मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश में ऊर्जा संकट था। वर्तमान में उत्तराखंड में भी उद्योगों और घरेलू उपभोक्ता बिजली को तरस रहे हैं। बिजली संकट से चौतरफा असर होगा और विकास थम जायेगा।

# डीएम ने दिए एसटीपी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम काशीपुर की एसटीपी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये, साथ ही रूद्रपुर में एफएसटीपी को सुचारू चलाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होने कहा कि फीकल सलज लेजाने वाले प्राईवेट वाहनों में जीपीएस लगाकर टेकिंग करने के निर्देश दिये ताकि फीकल सलज को एफएसटीपी में ही डाले। उन्होने सभी निकायों को लीगेसी वेस्ट प्रबंधन करने हेतु टेंडर करने के निर्देश दिये। सहायक नगर आयुक्त रूद्रपुर ने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर में 70 प्रतिशत लीगेसी प्रोसेसिंग कर ली गयी है तथा काशीपुर में भी 70 प्रतिशत लीगेसी वेस्ट प्रोसेस कर लिया गया है तथा काशीपुर नगर निगम फ्रेसवेस्ट का घर-घर कूड़ा उठान, सेग्रिगेशन, प्रोसेसिंग का इंटिग्रेटेड टेंडर कर दिया गया है। डीएम ने रूद्रपुर नगर निगम को भी फ्रेसवेस्ट घर-घर कूड़ा उठान, सेग्रिगेशन, प्रोसेसिंग का इंटिग्रेटेड टेंडर कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने नगर निगम रूद्रपुर को मृत पशुओं के डिस्पोजल हेतु भूमि चयन कर डीपीआर बनाने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्वच्छता, जागरूकता हेतु नगर निगम रूद्रपुर को पांच लाख, नगर निगम काशीपुर को दो लाख सहित सभी नगर पालिका व नगर पंचायत को 50-50 हजार स्वीकृत किये। डीएम ने कल्याणी नदी की सफाई करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई व सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि कल्याणी नदी की सफाई गतिमान है सफाई हेतु एक पोकलैंड, दो जेसीबी, 20 श्रमिक लगाये गये है साथ ही बताया कल्याणी नदी के 150 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिया गया है। सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाईयों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट हेतु ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित करने के निर्देश दिये ताकि कल्याणी नदी में ट्रीटमेंट के उपरांत ही औद्योगिक इकाईयों का पानी नदी में आये। उन्होने सभी अधिकारियों को नमांमि गंगे के कार्यो को गम्भीरता से लेते हुये धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ यूसी तिवारी, सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, एएस नेगी, लोनिवि, पेयजल निगम ज्योति पालिनि, जल संस्थान तरूण शर्मा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक कई मुद्दों पर चर्चा

**नैनीताल ।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की शनिवार को हुई बैठक में परिषद के स्थापना दिवस मनाने समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में हल्द्वानी के संगठन मंत्री भानू और जिला मंत्री दीपक का प्रखण्ड नैनीताल आगमन पर स्वागत किया गया। उन्होंने नैनीताल प्रखंड की बैठक ली और उन्होंने कुछ मूल बिंदु पर चर्चा की जिसमें विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस कैसे भव्य बनाया जाए समेत धर्म के प्रति प्रचार करना ,गौ रक्षा, लव जिहाद व लैंड जिहाद को रोकने के लिए महावपूर्ण बिंदुओं पर अपनी बात को रखी। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विवेक ,अध्यक्ष राजीव समेत बजरंग दल के सह संयोजक गौरव व कुणाल,सत्संग प्रमुख मयंक व अंश,युवराज, विवेक व मातृ शक्ति की सहयोजिका रश्मी,रेणु और वरिष्ठ कार्यकर्ता मालती और दुर्गा वाहिनी सहायोजिका वैशाली व विद्यार्थी प्रमुख अधिया समते कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीमक्षा: एसएसपी के बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान एसएसपी डॉ मंजुनाथ टीसी ने थानाध्यक्षों को अपने- अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त बढ़ाने और अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही और संवेदनशील स्थानों की लगातार चैकिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने यह भी निर्देश दिए कि थाने आने वाले हर पीड़ित की बात सुनी जाए और उसका निस्तारण हो। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों से कहा कि ई-रिक्शा में दाहिनी ओर मजबूत जाली लगवाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित रूट पर चलने वाले ई-रिक्शा चालक आई कार्ड पहनकर ही चलें। बिना आई कार्ड पहने मिलने पर चालकों पर कार्रवाई की जाए।

**निर्देश**

- **ई-रिक्शा में दाहिनी तरफ मजबूत जाली लगाकर एक साइड से बंद करने, निर्धारित रूट ई रिक्शा चालक आई कार्ड पहनकर चलें**

इसके अलावा एसएसपी ने कर्मचारियों की निजी व पारिवारिक समस्याओं की जानकारी ली और उनका निस्तारण किया। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने को कहा। एसएसपी ने समीक्षा बैठक में सराहनीय कार्य करने वाले 20 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बैठक में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल समेत सभी सीओ और थानाध्यक्ष मौजूद थे। एसएसपी के सीपीयू और यातायात पुलिस को काले शीशे लगी गाडियों पर प्रभावी कार्रवाई कड़े निर्देश।

# फिल्मी दुनिया

## आगामी फिल्म में दिखेगा सनी देओल का सुपरहिट अंदाज



*मसाला फिल्मों के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की आगामी फिल्म %एसडीजीएम% का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के निर्देशक की इस फिल्म को लेकर पूरे भारत में उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की घोषणा होने के बाद से दर्शक इस फिल्म से जुड़ी हर बड़ी-छोटी जानकारी पर लगातार निगाहें टिकाए हुए हैं। फिल्म में हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता सनी देओल नजर आने वाले है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू भी हो चुकी है, जिसकी जानकारी निर्माताओं द्वारा हाल में ही दी गई थी। फिल्म को लेकर अफवाहों का बाजार काफी गर्म है, जिसको लेकर निर्देशक ने बीते दिनों बात भी की थी। अब फिल्म को लेकर एक और नई जानकारी सामने आई है। इस फिल्म के निर्देशक और अभिनेता की जोड़ी काफी दिलचस्प है। गोपीचंद मास फिल्मों के सफल निर्देशक हैं। वहीं, सनी देओल मास तथा एक्शन फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। ऐसे में दर्शकों को पर्दे पर पैसा वसूल मनोरंजक फिल्म देखने को मिल सकती है। जैसे-जैसे फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फिल्म को लेकर नए-नए दावे किए जा रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में निर्देशक सनी देओल को पहले से काफी अलग और बड़े अवतार में पेश करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में सनी देओल के कुछ मशहूर डायलॉग्स को फिर से पर्दे पर जिंदा किया जाएगा।*

### एक्शन अभिनेताओं में से एक

*भारतीय सिनेमा में सनी देओल शुरुआती कुछ एक्शन अभिनेताओं में से एक हैं। वह उन अभिनेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने भारत में एक्शन फिल्म को दर्शकों के बीच स्वीकार्यता बढ़ाई है। भारतीय फिल्मों के इतिहास में अमिताभ बच्चन को एक्शन हीरो के तौर पर सबसे पहले पुख्ता पहचान मिली थी, लेकिन सनी देओल भी बाद में दर्शकों द्वारा बतौर एक्शन हीरो काफी पसंद किए गए। पिछले साल ही सनी ने गदर 2 फिल्म के साथ वापसी की थी।*

# अश्लील ऑडियो प्रकरण में किच्छा विधायक ने लिखा डीजीपी को पत्र

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना प्रभारी की अश्लील ऑडियो प्रकरण की निष्पक्ष जांच को लेकर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने डीजीपी को पत्र लिखकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया।

विधायक ने आशंका जताई कि आरोपी थाना प्रभारी पीड़िता पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे है। साथ ही जिले के कप्तान द्वेष भावना से कार्य कर रहे है। ऐसे में देहरादून स्तर पर आईपीएस अधिकारी की देखरेख में मामले की जांच कराने की मांग की। विधायक किच्छा ने शनिवार को डीजीपी को भेजे गए पत्र में कहा कि अश्लील ऑडियो का मुद्दा उठाने के बाद एसएसपी ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया,लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। उनका आरोप था कि पुलिस लाइन अटैच आरोपी थानाध्यक्ष पीड़िता पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। जिसका सबूत पीड़िता के मोबाइल व्हाट्सएप

**मांग**

- **बेहड़ ने जांच को प्रभावित होने का जताया संदेह**
- **एसएसपी को भी जांच से दूर रखने की उठाई मांग**

पर मैसेज है। ऐसे में कोतवाल को देहरादून अटैच किया जाएं। एसएसपी पर व्यक्तिगत पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर जांच को प्रभावित करने का आरोप लगाया। ऐसे में एसएसपी को जांच के दायरे से बाहर रखते हुए पुलिस मुख्यालय स्तर के आईपीएस अधिकारी से जांच कराई जाए। विधायक ने 28 जून को पुलिस मीडिया ग्रुप में भेजे गए पूर्व विधायक के आने की सूचना प्रकरण की भी जांच होनी चाहिए,क्योंकि पुलिस की छवि को दागदार करने के प्रकरण में कही न कही पुलिस राजनीति कर रही है। मैसेज प्रकरण पुलिस मैनुअल के विरूद्ध है। उन्होंने डीजीपी से प्रकरण को गंभीरता से लेने का अनुरोध किया। ताकि पीड़िता को न्याय मिल सकें।

News कॉर्नर

## कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** तेज रफ्तार कार ने टैंपों में टक्कर मार दी जिससे उसका चालक गंभीररूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की माग की है। राजा कालोनी रुद्रपुर निवासी करन पुत्र राम कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र टैंपो लेकर हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर आ रहा था। वह बेलबाबा मंदिर रामपुर रोड हल्द्वानी के पास आटो को सडक किनारे कच्चे में खडा कर ढाबे से खाना लेने जा रहा था कि हल्द्वानी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार संख्या- यूपी34 बीएस 4080 के चालक ने आटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिस कारण आटो में बैठा उसका राजेश गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## युवक पर लगाया मारपीट का आरोप

**हल्द्वानी।** एक युवक ने दूसरे युवक पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ओखलढूंगा निवासी जीवन सिंह पुत्र गंगा सिंह ने पुलिस चौकी हैड़ाखान में शिकायत दर्ज कराई है कि 24 मई को वह शदी समारोह में पनीर लेकर काठगोदाम से गांव की ओर जा रहा था तभी पुराने मामले को लेकर पंकज सिंह पुत्र बालम सिंह उसके साथ मारपीट करने लगा। उसने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। उसने मामल की शिकायत पुलिस में भी की। पीड़ित ने आरोपी से जान माल खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# हल्द्वानी में महिलाओं ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

जज फार्म में बूथ सदस्य गीता कांडपाल के कार्यालय में रविवार को महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी।

इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए आमजन से इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर भाजपा मुखानी मंडल कार्यकारिणी सदस्य विशंभर कांडपाल, बूथ सदस्य गीता कांडपाल, हेमा बोरा, शुभि शुक्ला, मंजू रावत, तनुजा बिश्नोई, प्रमोद तिवारी, कमला रौतेला आदि मौजूद थे।





**मन की बात**
नैनीताल में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनती विधायक सरिता आर्या व कार्यकर्ता।

# कोर्ट के आदेश पर 5 नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**आरोप**
- पुलिस से मदद नहीं मिलने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली
- हमलावर तमंचे और धारदार हथियारों से लैस थे, पीड़ित को नंगा कर प्राईवेट पार्ट को जख्मी कर दिया

कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर मारपीट करना और अपहरण कर ले जाने की धमकी देने के मामले में 5 नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक हरपाल सिंह गिल पुत्र श्री दलविन्दर सिंह निवासी पालम ग्रीन कालौनी कीरतपुर थाना रूद्रपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि गगन विर्क निवासी बगवाडा, मंजीत सिंह विर्क ग्राम डिबडिवा बिलासपुर जिला रामपुर,तरनदीप सिंह निवासी सुभाषनगर डिबडिबा बिलासपुर,जीवन शेखो निवासी ग्राम गगनपुर थाना बिलासपुर रामपुर,बसन्त सन्धू समेत 2 लोग अज्ञात 2 जनवरी 24 को लगभग 4 बजे घर पर आ गए। आरोप है कि पत्नी घर के बाहर बैठे धूप सेक रही। उक्त लोग हाथों में धारदार हथियार लिए थे और पत्नी से उसके मामले में पूछ रहे थे। पत्नी ने मना कर दिया वह घर पर नही है तो गाली गलौच करने लगे। कहा कि कई दिन से ढूंढ रहे है वह नही मिल रहा है उसको उठाकर अपने साथ ले जायेगे और उसका किटनैप कर लेंगे। वह घर के अन्दर पुट्टी का कार्य कर रहा था। तभी वह लोग घर में घुस आए। आरोप है कि गगन विर्क के हाथ में तमंचा, मंजीत सिंह के हाथ में तलवार, तरनदीप सिंह व जीवन शेखो के हाथ मे तेज धारदार हथियार था। अन्य के हाथों में हकी व लोहे की राड थी। गगन उसके मुह पर तमंचे की वट मार दी। जिससे वह लुहलुहान हो गया। बाद में उसे गला पकडकर घर से बाहर धक्का देकर निकालने लगे। तभी घर के मेन गेट पर आया तो वह वहां से भागने लगा। तभी गगन विर्क ने पीछे से फायर कर दिया। वह बाल बाल बच गया। पीड़ित के मुताबिक गगन विर्क ने गोली मारकर जान से खत्म कर देने की धमकी दी। उसके कपडे फाड दिये और नंगा कर दिया। बाद में उसके प्राईवेट पार्ट को दबाकर वीडियों बनाने लगे और धमकी दी कि इस वीडियो को नेट पर डालकर वायरल करने की धमकी देते हुए भाग गए। उसने सरकारी अस्पताल रूद्रपुर में ईलाज कराया। बताया कि पुलिस से मदद की गुहार लगाई, मगर सुनवाई नहीं हुई। एसएसपी से भी कोई मदद नहीं मिली, उसे मजबूत कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# अधिवक्ता पर फायरिंग करने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**जांच**
- पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी कैमरे, तीन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस ने गदरपुर निवासी एक अधिवक्ता पर फायरिंग करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रिपोर्ट घायल के मित्र ने दर्ज कराई।

पुलिस घटनास्थल के साथ ही काशीपुर रोड तक सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि पुलिस को अभी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। बगवाड़ा निवासी मेहफुज अहमद पुत्र हाजी मकसूद अहमद ने पुलिस को तहरीर में कहा कि 27 जून 24 को दोस्त प्रशान्त सिंह पुत्र अनील सिंह निवासी गदरपुर को दिन दिहाड़ दुर्गा मन्दिर धर्मशाला रूद्रपुर के पास दो बाईक सवार अज्ञात व्यक्तियों ने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गया। तहरीर में बताया गया 29 जून 24 सुबह लगभग 3बजे अज्ञात व्यक्ति ने अज्ञात फोन से जान से मारने की धमकी और 15 लाख रूपये की फिरौती की मांगी है। साथ ही कहा है कि दोस्त के उपर गोली चलवायी है। वैसे ही तेरे उपर गोली चलवायेगें। कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पुलिस भी कुछ नही बिगाड़ सकती है। बताया कि धमकी मिलने के बाद से जान माल का खतरा बना हुआ है। घर में डर का भय बना हुआ है। पीड़ित के मुताबिक 4 काल व 3 वोईस नट कल भेजे गये है। 7 दिन के अन्दर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसके साथ ही हमलावरों को चिन्हित करने के लिए घटना स्थल के साथ ही गदरपुर रोड तक लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखें जा रहे हैं।

# नैनीताल में बिना लाइसेंस पर्यटक रौंद रहे दोपहिया वाहन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर में इन दिनों बिना ड्राइविंग लाइसेंस पर्यटक दोपहिया वाहन रौंद रहे हैं। यातायात पुलिस ने चैकिंग के दौरान तल्लीताल में ऐसे ही 6 वाहन सीज किये हैं। बता दें कि नैनीताल में कमाई के चक्कर में टैक्सी स्कूटी बाइक स्वामी बिना ड्राइविंग लाइसेंस पर्यटकों को स्कूटी किराए में दे रहे हैं जिसके चलते नौसिखये बाइक सवार पर्यटक तेज गति में वाहन भगा रहे हैं जो दुघर्टना को दावत दे रहे हैं और वाहन स्वामी कमाई कर रहे हैं। शनिवार को यातायात पुलिस की ओर से अभियान चलाकर तल्लीताल क्षेत्र में टैक्सी बाइक व स्कूटी वाहनों को रोककर चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस जांचे गए वहीं एक ही घंटे में पुलिस ने बिना लाइसेंस स्कूटी चलाने वाले 6 पर्यटकों को पकड़ा। पूछताछ में पर्यटकों ने बताया कि उनसे स्कूटी स्वामियों की ओर से लाईसेंस नहीं मांगा गया।

मामले में टीएसआई हरीश सिंह फ र्त्याल ने बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी 6 स्कूटी सीज कर दी गई हैं साथ ही यातायात नियमों का उलंघन करने पर 27 स्कूटी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक सटोरिए को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ धर दबोचा। है। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। राजपुरा चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थ तभी पुलिस को सूचना मिली कि वन-विभाग बैरियर के पास खडा एक व्यक्ति खेलआम सटटे की खाई-बाड़ी कर रहा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 1330 रूपए की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# काठगोदाम क्षेत्र में बिजली चोरी में दो पर केस

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर में बिजली चोर की घटनाएं कम नहीं हो रही है। बिजल विभाग की टीम ने काठगोदाम क्षेत्र में बिजली चोरी के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। टीम ने मौके से बिजली के तार भी बरामद कर उसे जब्त किया है। नीरज चन्द्र पाण्डे उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम हल्द्वानी के नेतृत्व में लाइन मैन करनपाल, विजिलेंस के सहायक अभियंता अमित चन्द्र आर्या ने काठगोदाम क्षेत्र में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जिस पर टीम ने हरक सिंह भण्डारी पुत्र जीत सिंह भण्डारी के मकान में बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने मौके से 20 मीटर बिजली की वायर भी बरामद की है। वहीं टीम ने भोपाल सिंह भण्डारी पुत्र जीत सिंह भण्डारी के मकान में भी बिजली की चोरी पकड़ी। टीम ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम हल्द्वानी नीरज चन्द्र पाण्डे ने कहा कि बिजली चोरी करने वालो को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ट्रेन से यात्री का मोबाइल चुराया

**हल्द्वानी।** पैसेंजर ट्रेन में मुरादाबाद से रामनगर जा रहे एक व्यक्ति का फोन अज्ञात चोर ने चुरा लिया। पीडित्रत ने जीआरपी थाना काठगोदाम में शिकायत दर्ज कराई है। गलशहीद मुरादाबाद निवासी आकाश गुप्ता पुत्र कुलदीप कुमार ने दी गई शिकायत में कहा कि वह ट्रेन से मुरादाबाद से रामनगर जा रहा था। काशीपुर रेलवे स्टेशन पर वह नी कीपानी की बोतल लेने के लिए उतरा। जब वह वापस आय तो उसका मोबाइल गायब था। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# कुल सचिवों तथा उप कुल सचिवों का स्थानान्तरण

**देहरादून/नैनीताल।** शासन की ओर से शनिवार को उच्च शिक्षा विभाग के तहत राजकीय विश्वविद्यालयों में तैनात केंद्रीयकृत सेवा के कुल सचिवों तथा उप कुल सचिवों का स्थानान्तरण कर दिया है।

उच्च शिक्षा विभा के उप सचिव ब्योमकेश दुबे के हस्ताक्षरों की ओर से जो स्थानान्तरण सूची जारी की गयी है उनमें दून विश्वविद्यालय में कुल सचिव के पद पर तैनात मंगल सिंह मन्द्रवाल को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का कुल सचिव नियुक्त किया है। इसी तरह से श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाही थौल टिहरी गढ़वाल के कुल सचिव खेमराज भट्ट को दून विश्वविद्यालय देहरादून का कुल सचिव नियुक्त किया है। कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुल सचिव दिनेश चंद्रा को श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल का कुल सचिव बनाया गया है।इसके साथ ही कुमाऊं विवि नैनीताल में उप कुल सचिव के पद पर तैनात दुर्गेश डिमरी को दून विश्वविद्यालय देहरादून का उप कुल सचिव बनाया गया है वहीं दून विश्वविद्यालय देहरादून में उप कुल सचिव के पद पर तैनात नरेंद्र लाल को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल) का उप कुल सचिव नियुक्त किया गया है।

# मुख्य शिक्षाधिकारी सोनी को रिटायरमेंट पर दी भावभीनी विदाई

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मुख्य शिक्षाधिकारी जगमोहन सोनी को सेवानिवृत्ति होने पर शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी। भीमताल स्थित मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल से जुड़े शिक्षकों ने मुख्य शिक्षाधिकारी सोनी को कुशल प्रशासक, शिक्षाविद् एवं शिक्षक हितैषी बताते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हर्ष बहादुर चंद, जिला शिक्षा अधिकारी



माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी, जिलाध्यक्ष नंदराम आर्य, जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार, बंशीधर कांडपाल, हरीश पाठक, गोपाल सिंह बिष्ट, राकेश जोशी, जीवन बोरा, राजीव रघुवंशी, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र पाल, शाहिद आदि मौजूद थे।